## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 13.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित, केन्द्रीय वित्त मंत्री आज पेश करेंगी आयकर विधेयक।**
2. **जम्मू में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का हजारीबाग में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, नम आंखों से दी गयी विदाई।**
3. **झारखंड में कल शब–ए–बारात पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश, राज्य सरकार ने जारी किया आदेश।**
4. **भीड़ के कारण ट्रेन पर सवार नहीं हो पाने पर लोग हुए आक्रोशित, गिरिडीह में गोड्डा–दिल्ली एक्सप्रेस पर पथराव।**
5. **विश्व रेडियो दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं, कहा– अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का शक्तिशाली माध्यम है रेडियो।**

**************************

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। रिपोर्ट आज सदन में पेश की जानी है। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से बार–बार आग्रह के बाद भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा।

**************************

आयकर विधेयक– 2025 आज लोकसभा में पेश किया जाना है। आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक सदन की कार्यवाही में सूचीबद्ध किया गया है।

**************************

जम्मू में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का आज उनके पैतृक जिला हजारीबाग में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों ने उनके सम्मान में नारे लगाकर और पुष्प वर्षा कर उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम यात्रा में उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

**************************

राज्य सरकार ने कल शब–ए–बारात पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। कार्मिक, प्रशासनिक और राजभाषा विभाग की ओर से इस सिलसिले में आदेश जारी कर दिया गया है। यह अवकाश कार्यपालक आदेश के तहत दिया गया है।

**************************

प्रयागराज संगम जाने वाली गोड्डा–दिल्ली एक्सप्रेस पर गिरिडीह में पथराव हुआ है। ट्रेन कल जैसे ही जमुआ रेलवे स्टेशन पर पहुंची प्लेटफार्म पर खड़े यात्री ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने लगे, लेकिन बोगी का दरवाजा बंद था और बार–बार कहने पर भी नहीं खोला गया। इससे कई यात्री पटरी पर आ गए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान ट्रेन पर पथराव भी किया जाने लगा।

पथराव में एक यात्री को चोट आयी है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस दौरान करीब 40 मिनट तक ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही।

**************************

पर्यटन के क्षेत्र में रांची जिले को और अधिक विकसित करने की दिशा में सरकारी स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**************************

साहिबगंज जिले में एक नये थाना का शुभारंभ किया गया है। राजमहल विधायक एमटी राजा ने गंगा नदी थाने का उदघाटन किया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज मिश्रा, उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि यह थाना गंगा नदी से जुड़े अपराधों जैसे अवैध खनन, तस्करी, जलमार्ग पर होने वाली गैरकानूनी गतिविधियों और अन्य अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**************************

देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के पिपरासोल गांव के दुबे मंडा के पास आज सुबह एक शिक्षक की बम मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। फिलहाल हत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है।

**************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को विश्व रेडियो दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि रेडियो कई लोगों के लिए एक कालातीत जीवनरेखा रहा है। समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक, यह एक शक्तिशाली माध्यम है जो रचनात्मकता का जश्न मनाता है।

**************************

लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। एक रिपोर्ट–

**********समाप्त**********